Bharat Temples

जन्म हुआ कान्हा का

जय कन्हईया, जय कन्हईया, जय कन्हईया लाल llll
जय कन्हईया, जय कन्हईया, जय कन्हईया लाल llll

हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का ll
हो बीत चुकी सारी घड़ियाँ, टूटी बेड़ी हथ कड़ियाँ,
टूटी लोहे की सब लड़ियाँ, टूटे ताले टूटी कड़ियाँ,
खुल गए फौलादी द्वार,,,,, जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का lll
जय कन्हईया, जय कन्हईया, जय कन्हईया लाल ll

मथुरा का राजा कँस, पापी बड़ा,
"बहन बहनोई के, पीछे पड़ा" l
जेल में डाला किया, पहरा कड़ा,
"हर इक्क कदम पे, सिपाही खड़ा" l

ओ गए, सो गए, सो गए, सो गए सो,
सो गए सब पहरेदार,,,,, जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का ll

हो जब प्रगटे कन्हाई, सब सो गए सिपाही,
माता देवकी हर्षाई, हो गई देवों की मन चाही,
सब कर रहे जय जैकार,,,,, जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का ll

श्याम को ले के, वासुदेव जी चले,
"गोकुल में आए देखा, सब सो रहे" l
और सोइ माँ यशोधा, दिया श्याम को लिटा,
"जागी माँ तो देखा, नसीब है जगे" l

हो गए, खुल गए, खुल गए, खुल गए खुल,
मेरी किस्मत के अब तो द्वार,,,,, जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का ll

हो मईया भाग सराहे, नंद बाबा को बताए,
मेरी सुन ली विधाता, सुन के नंद जी मुस्काए,
वजा फिर सोने का घंटा,,,,, जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का ll
जय कन्हईया, जय कन्हईया, जय कन्हईया लाल ll

ओ मथुरा में जन्मे बाजे, गोकुल में वजे,
"आए सब देवी देव, सज धज के" l
वो संग ब्रिज वासिओ के, लूटते मज़े,
"देते हैं वधाई, युग युग जी साँवरे" l

हो गए, खुल गए, खुल गए, खुल गए खुल,
नंद बाबा के भंडार,,,,,जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का lll

हो पा के सोना चाँदी धन, हीरे मोती और रत्न,
नंद हो के मग्न, कर बिहारी का भजन,
लख्खा झूम उठा संसार,,,,, जन्म हुआ कान्हा का l
हुआ हुआ, जन्म हुआ कान्हा का lllll
जय हो कन्हईया लाल की,,,,,,,
बोल बाँके बिहारी लाल की,,,,,, जय

अपलोडर- अनिल रामूर्ति भोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/janam-huya-kanha-kaa/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw